(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

दूरभाषः (0755) 2761225, ई-मेलः *vidyabhartibpl@gmail.com*,

www.vidyabhartimp.org

पंजीयन क्र.-17195

पत्र क्रमांक : 756/2019 दिनांक-15/11/2019

प्रति,

श्रीमान व्यवस्थापक/प्राचार्य महोदय,
सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर,
मध्यभारत प्रान्त।

प्रिय बन्धुवर,

सादर नमस्कार।

विद्याभारती के कार्य विस्तार की वर्तमान स्थिति पर दृष्टि डालने से हमें यह ध्यान आता है कि हमारे मध्यभारत प्रान्त में नगरीय, ग्रामीण, एकल विद्यालय एवं संस्कार केन्द्र संचालित है। गत वर्ष इन पोषक ग्रामों में सम्पर्क करने की योजना विद्याभारती द्वारा बनाई गई थी तथा तदानुसार कार्य भी हुआ था।

आने वाले समय में अपने विचार का प्रभाव क्षेत्र और भी व्यापक हो, इसे ध्यान में रखकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने एक योजना बनाई है। इस योजना के अनुसार सभी समविचारी संगठनों द्वारा अपने सम्पर्कित क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की एक सूचि बनाना है जिससे भविष्य में उनसे सम्पर्क की व्यापक योजना बन सके। यह कार्य हमें भी प्राथमिकता के आधार पर करना है। इस सम्बन्ध में प्रमुख सूचनाएँ निम्नवत् हैं जिनका पालन सावधानी पूर्वक करना है।

1. पत्र के साथ प्रारूप संलग्न हैं जो नगरीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की सूची वार्ड के अनुसार बनाने के लिये है।
2. सूची बनाते समय उन ग्रामों/वार्डों का चयन करना है जहाँ हमारे संगठन का जीवित सम्पर्क हो, वहाँ हमारे कोई न कोई कार्यक्रम होते हों, जहाँ 3-4 कार्यकर्ता ऐसे हो जो हमारे द्वारा बताये गए कार्यों को करते हों या उनमें सहयोग देते हों।
3. एक ग्राम में अनेक कार्यकर्ता हो सकते हैं परन्तु जो सूची हमें प्रान्त हेतु बनानी है उसमें किसी एक कार्यकर्ता का नाम ही लिखना है। जिले की व्यवस्था हेतु शेष नामों की सूची जिले में संकलित करें।
4. कार्यकर्ता समिति के वर्तमान या पूर्व सदस्य, वर्तमान या पूर्व आचार्य, अभिभावक (वर्तमान या पूर्व) तथा पूर्व छात्र कोई भी हो सकता है। महिला कार्यकर्ता का नाम भी हो सकता है। महत्वपूर्ण यह है कि वह हमारे विचारों को समझे तथा कार्य में सहयोग करने का मानस हो।
5. **जिला स्तर पर यह सूची 28 नवम्बर, 2019 तक पूर्ण कर अनिवार्यतः जिले से संकलित कर प्रान्तीय कार्यालय को भेजना है।**

कार्य के महत्त्व को आप समझते ही हैं अतः आपके सहयोग व प्रयत्न से यह कार्य निर्धरित समयसारिणी के अनुसार अवश्य पूर्ण होगा। इसी विश्वास के साथ

(मोहनलाल गुप्ता)
प्रादेशिक सचिव

प्रतिलिपिः-

1. श्रीमान अध्यक्ष/संगठन मंत्री/ सहसंगठन मंत्री मध्यभारत प्रान्त।
2. श्रीमान प्रान्त प्रमुख/समस्त विभाग समन्वयक मध्यभारत प्रान्त।

E:\P-July 19-20 Daly Letter

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मध्यप्रदेश ''प्रज्ञादीप'' हर्षवर्धन नगर, भोपाल

अपने संगठन के 4-5 कार्यकर्ताओं की टोली है और न्यूनतम कार्य होते हैं ऐसे स्थानों की सूची

क्षेत्र का नाम - मध्यक्षेत्र प्रान्त का नाम - मध्यभारत प्रान्त जिले का नाम - ....

क्र.	विद्यालय का नाम	महानगर/नगर का नाम	बस्ति या वार्ड का नाम व क्रमांक	कार्यकर्ता का नाम	दूरभाष	चलभाष

आलोक- जिला केन्द्र विद्यालय से जानकारी एकत्रित कर एक्सल शीट पर फोन्ट्स **DevLys** 010 पर बनाकर ओपन फाईल प्रान्तीय कार्यालय को भेजें